
RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



अंगूरी भाभी के किरदार के साथ दोनों ने पूरा न्याय किया: रश्मि देसाई

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 361 | MONDAY DATE 1-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## रेखा गुप्ता ने आरके पुरम में 100 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों और ओपन जिम जैसी सामुदायिक सुविधाओं में सुधार का वादा किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएम रेखा



गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि आरके पुरम विधानसभा में आज करीब 100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ है। बीते 11 वर्षों तक दिल्ली के विकास पर ग्रहण लगा रहा, लेकिन पिछले 11 महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दिल्ली के विकास को नई गति दी है। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्र में इन विकास परियोजनाओं के शुभारंभ से सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य, जर्जर चौपालों का जीर्णोद्धार, कम्युनिटी सेंटरों का नवीनीकरण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम उपकरणों की स्थापना और आवश्यक स्थानों पर चारदीवारी का निर्माण होगा। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, आरके पुरम से विधायक अनिल शर्मा, जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, निगम पार्षद धर्मवीर सिंह एवं क्षेत्र के गणमान्यजन उपस्थित रहे। शनिवार को मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया.

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित पदार्थ जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार



**जम्मू, यूटर्न/ 18 जनवरी।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थों समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है उनके पास से चार किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बडगाम पुलिस ने मागम और हार्डपंजू क्षेत्रों में अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में अवैध पदार्थ बरामद हुआ। मागम में पुलिस की एक टीम ने बटपोरा क्रॉसिंग पर नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास एक थैला था और पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की, जिससे पुलिस को शक हुआ। उस व्यक्ति को दबोच लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 2.1 किलोग्राम चरस जैसा पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान बटपोरा निवासी रौफ अहमद हाजम के रूप में हुई है।

### कार व ई-रिक्शा में भीषण टक्कर, तीन की मौत, चार गंभीर

**हरिद्वार, यूटर्न/ 18 जनवरी।** हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर फेरूपुर क्षेत्र में कार-ई-रिक्शा की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में कार चालक विकास कुमार (फेरूपुर), यात्री चरण सिंह (कलियर, रुड़की) और ई-रिक्शा चालक आस मुहम्मद (नसीरपुर खुर्द, लक्सर) हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

## बंगाल की जनता से शत्रुता निभा रही हैं ममता बनर्जी : पीएम मोदी



### पश्चिम बंगाल के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार, सिंगूर में शुरू हुए विकास कार्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सिंगूर में लगभग 830 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसी दिन पीएम मोदी तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल की विकास यात्रा को और तेज करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि सिंगूर में राज्य के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया जाएगा, जो बुनियादी ढांचे, परिवहन और संपर्क को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

» **सिंगूर, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के सिंगूर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर कोई 15 वर्ष के महा-जंगलराज को बदलना चाहता है। अभी-अभी भाजपा और एनडीए ने बिहार में जंगलराज को एक बार फिर से रोका है। अब पश्चिम बंगाल भी टीएमसी के महा-जंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि मैं देख सकता हूं कि बड़ी संख्या में महिलाएं मुझे आशीर्वाद देने आई हैं। किसान भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं, और युवाओं का उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सभी लोग यहां एक ही उम्मीद के साथ एकत्रित हुए हैं। वे वास्तविक परिवर्तन चाहते हैं। लोग 15 वर्षों की अराजकता को समाप्त करने और वास्तविक परिवर्तन लाने की अपनी इच्छा में एकजुट हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आज ऐसे समय में सिंगूर आया हूं, जब देश ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया है। संसद में भी विशेष चर्चा करके वंदे मातरम् का गौरव गान किया है। पूरी संसद ने, पूरे देश ने ऋषि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धाभाव से नमन किया।

## मनोज तिवारी के मुंबई स्थित घर में चोरी, आरोपी निकला पूर्व कर्मचारी



**मुंबई, यूटर्न/ 18 जनवरी।** मुंबई में भाजपा सांसद, गायक और अभिनेता मनोज तिवारी के घर में चोरी होने की घटना सामने आई है। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि चोरी में शामिल व्यक्ति उनके अपने पूर्व कर्मचारी हैं। चोरी की गई कुल राशि लगभग 5.40 लाख रुपए बताई जा रही है। यह घटना उनके अंधेरी वेस्ट के शास्त्री नगर इलाके में स्थित सुंदरबन अपार्टमेंट में घटी थी। अंबोली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना पिछले साल जून 2025 से हुई थी, जब मनोज तिवारी के घर के बेडरूम की अलमारी से लगभग 4.40 लाख रुपए चोरी हो गए थे। उस समय चोरी करने वाले की पहचान नहीं हो सकी थी। मनोज तिवारी के मैनेजर प्रमोद जोगेंद्र पांडे, जो पिछले 20 सालों से उनके साथ काम कर रहे हैं, ने इस चोरी के बाद सभी पर कड़ी नजर रखी।

## आप अपनी गलतियों पर उद्दंडता का आवरण डालती है: बांसुरी स्वराज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

भाजपा सांसद बासंरी स्वराज ने रविवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ आम आदमी पार्टी अपनी गलतियों पर उद्दंडता का आवरण डालती है, दूसरी तरफ आतिशी गायब हो गई हैं। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि आखिरकार वे कहां हैं? नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में



भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि 6 जनवरी को जब दिल्ली विधानसभा सत्र में गुरु तेग बहादुर जी को लेकर चर्चा हो रही थी, उस समय आतिशी ने एक आपत्तिजनक बयान दिया, जिससे हमारे गुरुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि आम आदमी पार्टी की सरकार अपनी पूरी प्रशासनिक मशीनरी का इस्तेमाल अपने पार्टी के हितों की रक्षा के लिए करने के बाद भी आतिशी वहां मौजूद नहीं हैं।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा वांछित शूटर गिरफ्तार



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** संगठित अपराध, रंगदारी और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (एजीएस) टीम ने राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक वांछित शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आगरा निवासी प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू (23) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी को राजस्थान के जिला गंगानगर स्थित थाना रायसिंह नगर में दर्ज एफआईआर संख्या 710/2025 और 416/25 के तहत बीएनएस की धारा 308(2), 308(4), 308(5), 111(6), 111(7) व 61(2) में वांछित घोषित किया गया था। इन मामलों में उसके सहयोगियों द्वारा गंभीर अपराध किए जाने की आशंका जताई गई थी।

## यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी हब : योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 18 जनवरी।**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य ही नहीं, बल्कि देश व पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र भी है।

प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर इनोवेशन और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का राष्ट्रीय तथा वैश्विक हब बनाने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किया है, जिसके परिणाम आज जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े हेल्थकेयर कंज्यूमर मार्केट के रूप में 35 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का भार वहन करता है। उन्होंने कहा कि पिछले पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में वह परिवर्तन किया है, जिसकी कल्पना पहले संभव नहीं थी। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे। आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील हैं।

## धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक, कोई भी चीज इसके बिना नहीं रह सकती : मोहन भागवत

» **मुंबई, यूटर्न/ 18 जनवरी।**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ने रविवार को कहा कि धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक है। जब सृष्टि बनी, तब उसे चलाने के लिए जो नियम बने, वही धर्म है। पूरी दुनिया उन्हीं नियमों पर चलती है। इसलिए कोई भी पूरी तरह अधर्मी नहीं हो सकता। राज्य भले ही सेकुलर हो सकता है, लेकिन मनुष्य, प्रकृति या सृष्टि की कोई भी चीज धर्म के बिना नहीं रह सकती।

संघ प्रमुख ने ये बात मुंबई में आयोजित विहार सेवक ऊर्जा मिलन कार्यक्रम में कही। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पानी का धर्म बहना है और आग का धर्म जलाना है। इसी तरह हर व्यक्ति का भी अपना-अपना धर्म और कर्तव्य होता है, जैसे पुत्र धर्म, राजधर्म और समाज धर्म। ये नियम और अनुशासन हमारे पूर्वजों ने गहरे आध्यात्मिक चिंतन और कठिन साधना से समझे। उन्होंने पैदल-पैदल देशभर में घूमकर, बिना भाषण दिए भी, आम लोगों के जीवन में धर्म को उतार दिया। इसलिए भारतवर्ष की रग-रग में धर्म बसता है। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई ड्राइवर नहीं है, लेकिन उन्हें, पीएम नरेंद्र मोदी और हम जैसे अनेक लोगों को चलाने वाली एक ही शक्ति है। वही शक्ति आपको भी चला रही है। अगर हम उस शक्ति द्वारा चलाई जा रही गाड़ी में बैठे हैं, तो हमारा कभी एक्सीडेंट नहीं होगा। उस ड्राइवर का नाम है–धर्म। धर्म ही पूरी सृष्टि का ड्राइवर है। सृष्टि के चलने का नियम ही धर्म है और सब कुछ उसी पर चलता है।

**संक्षिप्त खबरें**

## एनसीआर में कार चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** एनसीआर क्षेत्र में कार चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का विजय नगर थाने की स्वॉट टीम जल्द राजफाश करेगी। इस गिरोह के दो आरोपियों को टीम ने हिरासत में ले लिया है। इनके तीन साथियों की धरपकड़ के लिए टीम आसपास के जनपदों में दबिश दे रही है। टीम ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर दो कार भी बरामद कर ली हैं। स्वॉट टीम ने ऐसे गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा है जो दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में कार चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। इस गिरोह में करीब छह सदस्य शामिल हैं। इस गिरोह के सदस्य कार चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर सस्ती दरों पर दूसरे राज्यों में बेच देते थे। कुछ कारों को काटकर उसके कलपुर्जे कबाडियों को बेच देते थे। पकड़े गए आरोपियों ने दिल्ली के कुछ कबाडियों के नाम भी उजागर किए हैं। टीम ने उनकी धरपकड़ के लिए दिल्ली में डेरा डाल दिया है।

## सेवानिवृत्त वृद्ध समेत दो से 19.40 लाख रुपये की ठगी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** साइबर ठगों ने दो अलग-अलग लोगों से 19.40 लाख रुपये की ठगी कर ली। नीति खंड प्रथम में रहने वाले एनटीपीसी से सेवानिवृत्त वृद्ध के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर खाते से 12.66 रुपये ट्रांसफर कर लिए, जबकि वसुंधरा में रहने वाले रवि रंजन से टेलीग्राम टॉस्क के जरिये 6.74 लाख रुपये की ठगी कर ली। दोनों पीड़ितों ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र के नीति खंड प्रथम में रहने वाले विनोद कुमार एनटीपीसी से सेवानिवृत्त हैं। विनोद कुमार के मुताबिक उनके मोबाइल पर नौ जनवरी को कॉलर ने कॉल कर खुद को आईजीएल कंपनी का प्रतिनिधि बताया।

# दिल्ली साउथ-वेस्ट पुलिस की बड़ी कार्रवाई: शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड सिंडिकेट का पदार्फाश, 8 गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

दिल्ली के साउथ-वेस्ट जिले की साइबर पुलिस टीम ने निवेश के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए 8 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह आम जनता को शेयर ट्रेडिंग और निवेश में मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर रहा था। ठगी की रकम को भारत के म्यूल खातों के जरिए कंबोडिया में बैठे सरगनाओं तक पहुंचा रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई में 4 राज्यों में छापेमारी की गई, जिसमें 10 हाई-टेक मोबाइल फोन और कई म्यूल बैंक खातों से जुड़े अहम डिजिटल सबूत बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया है कि बीते 14 दिनों में इन म्यूल खातों में लगभग 4 करोड़ रुपए जमा कराए गए थे। साथ ही 63 एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) शिकायतें इस गिरोह से जुड़ी पाई गई हैं।

7 नवंबर 2025 को थाना साइबर, साउथ-वेस्ट जिला में एफआईआर दर्ज की गई। वसंत कुंज निवासी 42 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि उसे व्हाट्सएप के जरिए शेयर ट्रेडिंग में विशेषज्ञ मार्गदर्शन और गारंटीड रिटर्न का झांसा दिया गया। फर्जी दावों और नकली निवेश प्लेटफॉर्म के जरिए महिला को मानसिक रूप से प्रभावित कर उससे कुल 15.58 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए।



लगातार बढ़ रहे निवेश फ्रॉड मामलों को देखते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एसआई चेतन राणा, एचसी मनेंदर और एचसी विजयपाल शामिल थे। यह टीम एसीपी ऑप्स साउथ-वेस्ट जिला विजय पाल सिंह तोमर की निगरानी में काम कर रही थी। तकनीकी निगरानी, मनी ट्रेल एनालिसिस और डिजिटल फॉरेंसिक जांच के आधार पर सबसे पहले तेलंगाना निवासी वनापटला सुनील कुमार की पहचान हुई, जो कमीशन पर म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराता था। तेलंगाना में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कीसरा (तेलंगाना) में फर्जी फर्म खोलकर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में चालू खाता खुलवाने की बात कबूली। इसके बाद हैदराबाद से उसके सहयोगी सकीनाला शंकर को गिरफ्तार किया गया, जिसने बताया कि यह खाता मनोज यादव को दिया गया था। उत्तर प्रदेश में दबिश देकर संत कबीर नगर से मनोज यादव को पकड़ा गया। आगे की जांच में संदीप सिंह उर्फ लंकेश (बनारस) और आदित्य प्रताप सिंह (कोटा, राजस्थान) की गिरफ्तारी हुई, जो देशभर में म्यूल खाते जुटाकर टेलीग्राम के जरिए विदेश में बैठे हैंडलर्स को उपलब्ध कराते थे।

ठगी की रकम बाद में राहुल और सोमपाल के खातों में ट्रांसफर की जाती थी। राहुल और शेरू को दिल्ली के पहाड़गंज इलाके से, जबकि सोमपाल को बरेली से गिरफ्तार किया गया। सोमपाल ने एमबीए की पढ़ाई कर रखी है और पहले एक सॉफ्टवेयर कंपनी चलाता था, जिसके बंद होने के बाद उसने अपना कॉर्पोरेट अकाउंट साइबर अपराधियों को सौंप दिया। उसके खाते से जुड़ी 51 एनसीआरपी शिकायतें पाई गईं।

आरोपी की पहचान वनापटला सुनील कुमार (43), सकीनाला शंकर (61), मनोज यादव (38), संदीप सिंह उर्फ लंकेश (30), आदित्य प्रताप सिंह (23), राहुल (30), शेरू (38) और सोमपाल (34) के रूप में हुई। आरोपियों के पास से 10 स्मार्टफोन और 13 सिम कार्ड बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल म्यूल खातों के संचालन और रकम ट्रांसफर में किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, व्हाट्सएप पर पीड़ितों को लुभाने वाले नंबर कंबोडिया से संचालित किए जा रहे थे।




## जदयू दिल्ली में भव्य मकरसंक्रांति महोत्सव, दही-चूड़ा भोज में हजारों लोग हुए शामिल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** जनता दल (यूनाइटेड) दिल्ली प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में रविवार को दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम मकरसंक्रांति महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से बिहार-यूपी के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। उपस्थित जनसमूह ने अपनी परंपरा, लोक-संस्कृति और आस्था से जुड़े इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया तथा दही-चूड़ा भोज के माध्यम से सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की लोकपरंपरा का ख्याल करते हुए जदयू दिल्ली परिवार ने इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया है। दिल्ली में बिहार और यूपी के लोगों की भागीदारी बहुतायत है। आज के कार्यक्रम में इनकी भागीदारी ने यह साबित किया कि हम सब एकजुट हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## द्वारका में अवैध हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

दिल्ली में द्वारका जिले के पुलिस स्टेशन बिंदापुर की टीम ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को इलाके में अपराध करने के फिराक में घूम रहे बदमाशों पर निगरानी




रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में पुलिस स्टेशन बिंदापुर में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल नीरज, मुकेश और राजेश डागर शामिल थे। यह टीम इंस्पेक्टर नरेश सांगवान की देखरेख में लगातार इलाके में सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी अवैध हथियार के साथ इलाके में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

## एनपीसीसी लिमिटेड के मुआवजे के बिलों में हेराफेरी मामले में फरार दोषी गिरफ्तार




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड (एनपीसीसी लिमिटेड) से जुड़े मुआवजा बिलों के गबन मामले में लंबे समय से फरार चल रही दोषी तमन्ना चकमा उर्फ टैमी मे को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने 17 जनवरी को यह गिरफ्तारी की। तमन्ना चकमा को इससे पहले 17 मई 2024 को मिजोरम के आइजोल स्थित विशेष न्यायालय द्वारा 22 अन्य आरोपियों के साथ दोषी ठहराया गया था, लेकिन वह लंबे समय से फरार थी। सीबीआई ने इस मामले में 30 दिसंबर 2010 को तत्कालीन जोनल मैनेजर, एनपीसीसी लिमिटेड, सिलचर (असम) के यूपी मिश्रा और पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। आरोप था कि एनपीसीसी लिमिटेड के मुआवजा बिलों में बड़े पैमाने पर अनियमितता और गबन किया गया। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 31 जुलाई 2012 को 25 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया।

## संडे ऑन साइकिल का 57वां एडिशन, डॉ. मांडविया ने गोंडल से फिट इंडिया विजन को आगे बढ़ाया



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 57वां एडिशन रविवार को पूरे देश में उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय मूवमेंट ने एक बार फिर यह दिखाया कि कैसे शारीरिक गतिविधि लोगों को न केवल स्वस्थ बनाती है, बल्कि समुदायों को भी आपस में जोड़ती है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुजरात के राजकोट के पास गोंडल से इस पहल का नेतृत्व किया। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने हैदराबाद में इसकी अगुवाई की। डॉ. मनसुख मांडविया ने इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए साइकिलिंग की यूनिवर्सल अपील और इसके पर्यावरणीय लाभों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग सभी आयु वर्गों के लिए एक आदर्श व्यायाम है, जो न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है बल्कि कार्बन फुटप्रिंट को भी कम करती है।

जब लोग एक साथ साइकिल चलाते हैं, तो समुदाय की भावना मजबूत होती है, जो एक स्वस्थ समाज के लिए बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर बात करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी देश की मजबूती उसके नागरिकों की शारीरिक और मानसिक सेहत पर निर्भर करती है।

## गाजीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार आरोपी लाल बाबू मौर्य मुठभेड़ में गिरफ्तार



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी और छिनैती के आरोपी लाल बाबू मौर्य को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस को लगातार उसकी तलाश थी। मुठभेड़ में लाल बाबू मौर्य के दोनों पैरों में गोली लगी है, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। मामला मरदह थाना क्षेत्र का है। कुछदिन पहले मरदह पुलिस ने लाल बाबू मौर्य और उसके एक साथी को मोटरसाइकिल चोरी और छिनैती के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया और फिर जिला जेल में दाखिल कराने के लिए पुलिस टीम उन्हें लेकर जा रही थी।

## एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आईडी बनवाए किसान : डीसी अपराजिता

### यूनिक फार्मर आईडी से सरकारी योजनाओं का लाभ होगा आसान

» **रवि जैस्ट**

कैथल, यूटर्न/ 18 जनवरी। डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की एक यूनिक फार्मर आईडी बनाई जा रही है।

खंड कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, संबंधित तहसील तथा विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि एग्री स्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी को एक मंच पर लाना है। जिस तरह हर नागरिक की पहचान आधार कार्ड से होती है, उसी




तरह यूनिक फार्मर आईडी किसानों की सटीक और पारदर्शी डिजिटल पहचान बनेगी।

डीसी अपराजिता ने स्पष्ट किया कि यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और आधुनिक है। किसानों का पंजीकरण आधार कार्ड पर आधारित OTP प्रमाणीकरण प्रक्रिया के जरिए किया जाता है। ओटीपी के जरिए किसान की पहचान और भूमि रिकॉर्ड का मिलान डिजिटल रूप से किया जाता है। किसानों की सुविधा के लिए गांवों और ब्लॉक स्तर पर राजस्व और कृषि विभाग की टीमें विशेष शिविर लगा रही हैं। इस डिजिटल आईडी के बन जाने से किसानों को काफी फायदे होंगे। पीएम-किसान, फसल बीमा और खाद-बीज पर मिलने वाली सब्सिडी सीधे खाते में और बिना किसी देरी के मिलेगी। बार-बार पटवारी या दफ्तरों के चक्कर काटकर भूमि दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान महिला पानीपत में करियर डे कार्यक्रम का आयोजन

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 18 जनवरी। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान महिला पानीपत में करियर डे के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी-अपनी ट्रेड का हुनर प्रस्तुत किया।

करियर डे कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका Quest Alliance की तरफ से मैडम शीतल गोस्वामी ने निभाई। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। संस्थान की छात्राओं ने ड्रेस मेकिंग, उआएउ और कॉस्मेटोलॉजी सहित विभिन्न ट्रेड में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों ने सराहा।

प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ट्रेड का चयन किया गया। CITS मे प्रथम स्थान ड्रेस मेकिंग ट्रेड ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान उआएउट्रेड और तृतीय स्थान कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड को मिला।"CTS में SSA(H) ने प्रथम स्थान, FDT ने द्वितीय स्थान तथा FVP ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रडळ ट्रेड को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। Quest Alliance द्वारा आयोजित करियर दिवस समारोह में चयनित ट्रेड की छात्राओं को संस्थान की प्रिंसिपल बबिता मैडम, एडीटी.सक्षम सर एंव शीतल मैडम द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

इस अवसर पर मैडम शीतल ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपने करियर के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान प्रशासन ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने की बात कही।

# एंटी नारकोटिक सेल की कार्रवाई, कलायत क्षेत्र से 7.22 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

» कलायत, यूटर्न/ 18 जनवरी।



पुलिस अधीक्षक उपासना के दिशा-निर्देशों के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एंटी नारकोटिक सेल ने कलायत क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 7.22 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई राजेश की टीम सजुमा रोड कलायत क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव मटौर निवासी राममेहर सजुमा रोड़ कलायत में हेरोइन बेचने के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा सजुमा रोड़ कलायत से संदिग्ध राममेहर उपरोक्त को काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी ललित कुमार के समक्ष तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी की लोअर की जेब से एक पॉलीथिन में 7.22 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई जगभान द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें



### बात्ता में पीथे वाला तालाब बना मुसीबत, नारकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण

कलायत, यूटर्न/ 18 जनवरी। क्षेत्र के गांव बात्ता की नाथवान पट्टी में पीथे वाला तालाब इन दिनों ग्रामीणों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं रह गया है। तालाब की सफाई और पानी की निकासी न होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य गलियों में भर गया है। आलम यह है कि बस स्टैंड से सजुमा रोड को जोड़ने वाली मुख्य गली ने अब जोहड़ का रूप ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण उनका खाना-पीना और घर से निकलना तक मुहाल हो गया है। स्थानीय निवासी एडवोकेट सुल्तान सिंह गोल्डी, जगदीश, सुभाष और विनोद ने रोष जताते हुए कहा कि यह समस्या करीब 10 साल पुरानी है। वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जब सांसद थे, तब उन्होंने गांव का दौरा कर समाधान का भरोसा दिया था। लेकिन चार साल बीतने के बाद भी सरकार और प्रशासन की ओर से एक ईंट तक नहीं लगाई गई। निकासी के अभाव में गर्मियों में तो किसान खेतों की सिंचाई कर लेते हैं, लेकिन सर्दियों में यह तालाब ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन जाता है।

### म्हारी सड़क ऐप पर शिकायत दर्ज करें : डीसी अपराजिता

हरियाणा, यूटर्न/ 18 जनवरी। प्रदेश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने और आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए हरियाणा सरकार ने तकनीक को अपनाया है। डीसी अपराजिता ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्महारी सड़कह्न एप की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक खराब सड़कों की शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचा सकता है। उन्होंने बताया कि इस एप को विशेष रूप से पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए डिजाइन किया गया है। यदि किसी क्षेत्र की सड़क टूटी हुई है या उसमें गड्ढे हैं, तो नागरिक सड़क की लाइव फोटो एप पर अपलोड कर सकते हैं।

# गांव शेरूखेड़ी में एथलेटिक मीट का आयोजन

## एसएचओ तितरम एसआई रामबीर ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित






» हरियाणा, यूटर्न/ 18 जनवरी।

गांव शेरूखेड़ी में युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने तथा नशामुक्त समाज के संदेश को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक भव्य एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में थाना तितरम के एसएचओ एसआई रामबीर विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

एथलेटिक मीट में गांव के अनेक युवा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भी अच्छी उपस्थिति रही, जिससे माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण बना रहा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इस अवसर पर एसएचओ एसआई रामबीर ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए खेलों में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है, इसलिए इससे दूरी बनाना ही समझदारी है। इसके साथ ही उन्होंने आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसी बातों पर विशेष जोर दिया। उनका कहना था कि थोड़ी सी सावधानी से सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में एसएचओ एसआई रामबीर द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। यह आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, नशामुक्त समाज के निर्माण और ट्रैफिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# 28 जनवरी को कैथल में इनेलो का युवा सम्मेलन, कलायत में कार्यकर्ताओं ने फूंका जोश



## करण चौटाला होंगे मुख्य अतिथि, आरकेएम फार्म में जुटेंगे हजारों युवा; तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

» कलायत, यूटर्न/ 18 जनवरी।

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा आगामी 28 जनवरी को कैथल के आरकेएम फार्म में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

रविवार को कलायत के विश्वकर्मा पार्क में इनेलो कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति तैयार की गई।

युवाओं की आवाज बनेंगे करण चौटाला बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला किसान सेल के चेयरमैन सलिंदर प्रताप राणा ने बताया कि 28 जनवरी को सुबह 11 बजे होने वाले इस सम्मेलन में इनेलो के युवा नेता करण चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, वरिष्ठ नेता चौधरी रामपाल माजरा विशिष्ट अतिथि के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को संगठन से जोड़ना और उनके हक की आवाज को मजबूती प्रदान करना है।

बैठक में पहुंचे जिला संयोजक मोनी बालू और युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा पुजारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा बेरोजगारी और नशे जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

# पंजाब केसरी पत्र समूह पर कार्रवाई से भड़का जनाक्रोश अशोक मेहता

## मुख्यमंत्री भगवंत मान व केजरीवाल का फूंका पुतला, निकाला रोष मार्च

## प्रधानमंत्री से की पंजाब सरकार को बर्खास्त करने की मांग अशोक मेहता

» हरियाणा, यूटर्न/ 18 जनवरी।





हाल ही में पंजाब सरकार द्वारा पंजाब केसरी पत्र समूह के खिलाफ अपनाई गई दमनकारी नीतियों एवं पंजाब केसरी समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक अविनाश चोपड़ा एवं अमित चोपड़ा के खिलाफ केस दर्ज करने के विरोध में कुरुक्षेत्र के शाहाबाद उपमंडल में पंजाब सरकार के खिलाफ सड़कों पर भारी जनाक्रोश देखने को मिला। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के नेशनल प्रेसिडेंट अशोक मेहता के नेतृत्व में जन सैलाब के रूप में भारी संख्या में लोगों ने पंजाब सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी करते हुए लाडवा रोड पर न केवल रोष मार्च निकाला अपितु पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के पुतले भी फूंके। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हरभगवान छाबड़ा, प्रदेश महासचिव राकेश भल्ला उगाला, महिला विंग की जिलाध्यक्ष ईशु सचदेवा, स्थानीय प्रधान शुभम साहनी, अंबाला छावनी प्रधान विनोद जोहर, नगरपालिका प्रधान गुलशन कवातरा, जीओ गीता के प्रधान संजय गुप्ता, संरक्षक मलिक विजय आनंद, साहब सिंह भिंडर एवं शहर के अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति में नेशनल प्रेसिडेंट अशोक मेहता ने तहसीलदार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में प्रधानमंत्री को पंजाब केसरी समूह के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत करवाते हुए कहा गया कि पंजाब केसरी उत्तर भारत का सबसे बड़ा समाचार पत्र समूह है।

स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद लाला जगत नारायण जी द्वारा वर्ष 1948 में स्थापित यह समूह उर्दू भाषा में हिंद समाचार, हिंदी भाषा में पंजाब केसरी एवं नवोदय टाइम्स और पंजाबी भाषा में जगबाणी समाचार पत्र का प्रकाशन करने के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों से भी निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता को अंजाम देता आ रहा है। समूह के संस्थापक अमर शहीद लाला जगत नारायण जी ने देश की आजादी के लिए कई बार जेल यात्रा की और पंजाब में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दे दी। आतंकवादियों ने लाला जी के बड़े पुत्र रमेश चंद्र जी सहित पंजाब केसरी समूह से जुड़े 60 से अधिक कर्मचारियों को भी शहीद कर दिया। इसके बावजूद पंजाब केसरी ने पत्रकारिता के उच्च सिद्धांतों के साथ कोई समझौता नहीं किया।

## फटाफट खबरें

### संदिग्ध हालात में निजी कंपनी के कर्मी की मौत

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 18 जनवरी।** शक्तिखंड तीन स्थित मकान में किराये पर रह रहे विश्वास चौधरी (28) का शव 17 जनवरी को कमरे में पड़ा मिला। सुबह से फोन कॉल रिसीव न होने पर उनके दोस्त कमरे पर पहुंचे। दरवाजा न खुलने पर दोस्त तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस परिजनों से संपर्क करने में जुटी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वास इटावा के मूलनिवासी थे। यहां रहकर वह एक ऑटोमोबाइल कंपनी में नौकरी कर रहे थे। शनिवार दोपहर करीब एक बजे अस्पताल से पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने छानबीन शुरू की तब विश्वास के दोस्त ने बताया कि विश्वास सुबह से अपने किसी भी दोस्त और परिवार वालों का फोन नहीं उठा रहा था। कई बार कॉल करने पर भी बात नहीं हुई तब वह अपने अन्य साथियों के साथ कमरे पर पहुंचा। दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खुला तब किसी तरह तोड़ कर अंदर दाखिल हुए। तब विश्वास बेसुध हालत में बिस्तर पर लेटा मिला। उसे उठाकर तुरंत सभी दोस्त अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को विशेष ने यह भी बताया कि एक दिन पहले बात होने पर विश्वास ने उसे सीने में दर्द होने की बात बताई थी। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों से संपर्क कर लिया गया है, उनके आने पर शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

### जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत लेकर पहुंचे 52 लोग, चार को मिला समाधान

**लोनी, यूटर्न/ 18 जनवरी।** खन्ना नगर कॉलोनी स्थित लोनी तहसील पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 52 लोगों ने अपनी शिकायतों से अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें नगर पालिका परिषद की 22 शिकायतें, पुलिस विभाग की दो, विद्युत निगम की तीन और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की एक शिकायत आई। जिलाधिकारी ने मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण किया।

# गृहकर जमा न करने पर खोड़ा के 20 हजार लोगों को जारी होगा नोटिस

» **खोड़ा, यूटर्न/ 18 जनवरी।**




नगरपालिका क्षेत्र में गृहकर वसूली को लेकर अब सख्ती शुरू हो गई है। दस हजार रुपये से अधिक गृहकर बकाया रखने वाले करीब 20 हजार गृह स्वामियों को शीघ्र ही नोटिस भेजे जाएंगे। गृहकर विभाग ने ऐसे सभी करदाताओं की विस्तृत सूची तैयार कर ली है, जिन्होंने अब तक कर जमा नहीं किया है। विभाग के अनुसार बार-बार अवसर देने और छूट की सुविधा के बावजूद कर जमा नहीं करने वालों के खिलाफ अब नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कर इंस्पेक्टर दीक्षा का कहना है कि नगरपालिका की तरफ से चालू वित्तीय वर्ष में गृहकर जमा करने पर 15 प्रतिशत तक की छूट दी गई थी, ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर कर अदा करें। बावजूद बड़ी संख्या में गृह स्वामी ऐसे हैं, जिन्होंने न तो छूट का लाभ लिया और न ही कर जमा किया। इन बकायदारों में कई ऐसे भी हैं जिन पर दस हजार रुपये से लेकर लाखों रुपये तक का गृहकर बकाया है।

विभाग ने सभी वार्डों से गृहकर बकायदारों का डाटा एकत्र कर अंतिम सूची तैयार की है। सूची में शामिल 20 हजार से अधिक गृह स्वामियों को पहले चरण में नोटिस भेजे जाएंगे। नोटिस में बकाया राशि का विवरण, भुगतान की अंतिम तिथि और चेतावनी का उल्लेख रहेगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर कर जमा नहीं करने पर जुर्माना अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

### लोगों में नाराजगी

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगरपालिका गृह कर तो वसूल रही है, लेकिन लोगों को कोई सुविधा मुहैया नहीं करा रही है। खोड़ा में लोगों को ना पानी मिल रहा है और ना ही सीवर लाइन बिछाई, ना मकानों को पता मिला है। लोगों में नोटिस जारी होने के बाद नाराजगी है।

रेजिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि गृह कर जमा नहीं करने पर कहीं लोगों को नोटिस पहुंच रहा है। तो कहीं लाखों का गृह कर बिल। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका जितना लोगों को गृहकर का बिल भेज रहा है इतना तो लोगों का वेतन भी नहीं है।

निवासियों का कहना है कि जब तक जनता को सभी सुविधाएं मुहैया नहीं हो जाती है। वह तब तक गृह कर जमा नहीं करेंगे। वहीं, कर इंस्पेक्टर दीक्षा का कहना है कि लोगों को गृह कर तो मकान के क्षेत्रफल का देना होता है। उसमें पानी, सीवर लाइन, मकानों का पता आदि सुविधाओं से कोई लेना-देना नहीं है। नगरपालिका जब लोगों को ये सुविधाएं देगी। उसका कर तब ही लिया जाएगा।

नगर पालिका खोड़ा कर इंस्पेक्टर दीक्षा ने बताया कि नगरपालिका दस हजार से अधिक सभी बकायादार गृह स्वामियों नोटिस दे रही। जिन्होंने अभी तक गृह कर जमा नहीं किया है। चार से पांच लोगों को दिया भी जा चुका है। बाकी लोगों को भी जल्द नोटिस दिए जाएंगे।

## दूसरी मंजिल के फ्लैट में लगी आग, एक घंटे में बुझी

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

थाना-क्षेत्र के मोहन नगर स्थित ओमनगर गली नंबर चार निवासी विजेंदर के फ्लैट में शनिवार को अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि सभी सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। दमकल की टीम इसकी जांच कर रही है। ओमनगर गली नंबर चार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब फ्लैट की खिड़की से आग की विकराल लपटों को निकलते हुए लोगों ने देखा। लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। टीम के पहुंचने तक आग पूरे फ्लैट में फैल चुकी थी और दूसरे फ्लैट तक भी लपटें पहुंच रही थीं।

# तांत्रिक से मरवाने के शक पर तीन दोस्तों ने ही की थी ऑटो चालक की हत्या

» **लोनी, यूटर्न/ 18 जनवरी।**




ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटो में जला हुआ शव ऑटो चालक नवीन निवासी डाबर तालाब कॉलोनी का था। नवीन की हत्या उसके तीन दोस्तों ने की थी। दोस्तों को शक था कि नवीन अमीर बनने के लिए तांत्रिक से मिलकर उन लोगों की बली चढ़ाना चाहता है। गिरफ्तार दो दोस्तों ने पुलिस को बताया कि नवीन पिछले दिनों उन लोगों को दिल्ली में एक तांत्रिक से मिलवाने ले गया था। इसी दौरान नवीन और तांत्रिक की बात दोस्तों ने सुन ली थी। दोस्तों ने सिलिंडर हमला कर नवीन की हत्या कर उसी के ऑटो में रखकर उसे जला दिया। पुलिस ने हत्या में शामिल ऑटो और सिलिंडर बरामद किया है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में ऑटो जला हुआ मिला था। ऑटो में अज्ञात युवक का शव मिला था। शव की पहचान नवीन के रूप में हुई थी। नवीन के भाई ने अज्ञात पर हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों पवन निवासी निशांत विहार कॉलोनी और सागर उर्फ पंडित निवासी ग्राम गोठरा को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि नसीम और मृतक नवीन वह चारों दोस्त हैं। नवीन कुछ दिनों पहले तीनों को लेकर दिल्ली के एक तांत्रिक के पास गया था। नवीन ने सभी को लालच दिया था कि तांत्रिक उन्हें जल्द अमीर बना देगा। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि नवीन ने सभी को अमीर बनाने की बात कही लेकिन तांत्रिक से केवल अपने अमीर होने की बात की। इसके लिए तांत्रिक ने उसे किसी इंसान की बली देने को कहा। इस दौरान नवीन ने तांत्रिक से कहा कि अगर वह अपने दोस्त की बली देगा तो क्या काम चल जाएगा। इस पर तांत्रिक ने हां कर दी थी। आरोपियों का कहना है कि नवीन और तांत्रिक की बात उन तीनों ने सुन ली। तीनों दोस्त सागर, पवन और नसीम को लगा कि नवीन उनमें से किसी एक की बली देगा। इस डर से उन्होंने नवीन की हत्या का प्लान बनाया।

### सागर के घर की हत्या

सागर ऑटो चलाता है और अपने घर पर अकेला रहता है। तीनों ने नवीन को सागर के घर बुलाया। पहले तीनों ने शराब पी और नवीन को भी पिलाई। इस दौरान तीनों ने बली देने के बात पर नवीन से झगड़ा किया। झगड़े के दौरान तीनों घर में रखे सिलिंडर से नवीन के सिर और कमर पर कई वार किए। इस दौरान नवीन की मौत हो गई। नवीन की हत्या करने के बाद तीनों ने शव को कंबल और चादर में नवीन के शव को लपेट लिया। नवीन का ऑटो भी वहीं खड़ा था। तीनों शव को लेकर नवीन के ऑटो में डालकर ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के खाली मैदान में ले गए। नवीन का ऑटो नसीम चला रहा था। शव पीछे की सीट पर रख रखा था। वहीं नसीम का बैटरी ऑटो पवन चला रहा था। पवन के ऑटो में सागर भी बैठा हुआ था। तीनों ने नवीन के शव को ऑटो सहित जला दिया। घटना के बाद तीनों नसीम के ऑटो में बैठकर वापस लौट आए।

### सीसीटीवी कैमरों से पकड़ में आए आरोपी

चारों कई सालों से दोस्त हैं और ऑटो चलाने का काम करते हैं। हत्या करने के बाद तीनों दो ऑटो में सवार होकर घटना स्थल पहुंचे। एसीपी ने बताया कि घटना स्थल से कुछ दूरी पर सीसीटीवी कैमरा मिला। सीसीटीवी में दिखा कि दो बैटरी ऑटो एक साथ जा रहे है। कुछ देर बाद एक ऑटो वापस आया। दूसरा नहीं आया।

## केएम रेजीडेंसी में बालकनी की छत गिरने से बड़ा हादसा टला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** केएम रेजीडेंसी सोसायटी में बालकनी की छत गिरने से बड़ा हादसा टल गया। सोसायटी वासियों के अनुसार यह मामला सोसायटी के 2-3 टावरों की ऊपरी मंजिलों की बालकनियों के जर्जर कोने गिरने का है। एक टावर से बालकनी का हिस्सा गिरने से मात्र 15 सेकंड पहले ही एक महिला एवं बच्चे वहां से गुजरे थे। मामले में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद जीडीए को शिकायत दी गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं अब सोसायटी में आम हो गई हैं। इस संबंध में बिल्डर और सोसायटी प्रबंधन को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से सूचित किया गया लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे सैकड़ों परिवारों की जान लगातार खतरे में बनी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। आरोप है कि पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद जब सोसायटी के प्रबंधन के जिम्मेदार लोगों को बुलाने का प्रयास किया गया तो कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया। निवासियों का आरोप है कि सोसायटी में लिफ्टों का संचालन भी बिना एनओसी के किया जा रहा है और सोसायटी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी नहीं है। इन अव्यवस्थाओं के बीच सैकड़ों निवासियों को रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी, पुलिस और गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण को लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## फजीवाड़ा कर एटीएम से 21 बार में निकाले दो लाख रुपये

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** विजयनगर क्षेत्र के सेक्टर नौ में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ कर 21 बार में दो लाख रुपये निकाल लिए। इस मामले में शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद विजयनगर थाने में केस किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार्यवाहक एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि बैंक शाखा प्रबंधक आशुतोष के मुताबिक विजयनगर में बैंक के एटीएम से अवैध तरीके से धनराशि निकाली गई। शातिर ने फजीवाड़ा और मशीन में छेड़छाड़ कर नौ जून 2022 से छह जून 2023 तक अलग-अलग एटीएम कार्ड से धनराशि निकाली। बैंक के दस्तावेजों में इस धनराशि की बाबत कोई जानकारी नहीं मिली है। शाखा प्रबंधक का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2023 और 2024 में भी पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। ऐसे में उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

## 23 जनवरी को आएगी नर्सरी दाखिले की पहली सूची, निराश होने के बजाय इंतजार करें अभिभावक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**



नर्सरी में बच्चे के दाखिले का इंतजार कर रहे अभिभावक यदि संशय में हैं, तो वह निराश न हों। कई स्कूलों में आवेदन के कारण उनके बच्चे को कहीं ना कहीं दाखिला दिला सकता है। नामचीन स्कूल में दाखिले को लेकर ज्यादा मारामारी रहती है। स्कूलों का कहना है कि पहली सूची में बच्चे को जहां दाखिला मिल रहा हो, वहां उन्हें बच्चे के दाखिले के लिए सीट को पक्का करना चाहिए। मालूम हो कि 23 जनवरी तक स्कूलों में दाखिले की पहली सूची जारी हो जाएगी।

स्कूल प्राचार्यों ने कहा कि हो सकता है कुछ बच्चों का दाखिला पहली सूची में नहीं हो, ऐसे में उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यदि पहली सूची में नाम नहीं आएगा तो दूसरी सूची में दाखिले के लिए सीट पक्की हो सकती है। दरअसल अभिभावकों ने कम से कम पांच से सात स्कूलों में आवेदन किया है। इसके लिए उन्हें प्राथमिकताएं तय की है। कई अभिभावक ऐसे हैं जिन्होंने दस से अधिक स्कूल में आवेदन किया है। ऐसे में बच्चों को किसी एक स्कूल में तो दाखिला मिल ही जाएगा।

### नामचीन स्कूलों में ज्यादा रहेगी मारामारी

नेबरहुड, सिबलिंग, एल्युमिनी जैसे मानकों के अंक ही दिला सकते हैं स्कूल में दाखिला दिला सकते हैं। कई स्कूलों में जहां 40 अंक पर भी दाखिला हो सकता है तो कहीं 70 से अधिक अंक होने पर ही दाखिला होगा।

# घरेलू स्तर पर मांग मजबूत, आम बजट 2026-27 में सुधारों को जारी रखने पर हो फोकस : सीआईआई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**



भारत में व्यवसायों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है और घरेलू स्तर पर मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। ऐसे में सरकार से आम बजट 2026-27 में सुधारों को जारी रखने की उम्मीद है। यह बयान भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को जारी हुए ताजा बिजनेस आउटलुक सर्वे में दिया गया।

वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर) में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स लगातार तीसरी तिमाही बढ़कर 66.5 हो गया है, जो कि बीते पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है।

रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनियां मांग, मुनाफे और निवेश की परिस्थितियों को लेकर आशावादी हैं।

सीआईआई के सर्वे में बताया कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में दो-तिहाई कंपनियों ने मजबूत मांग दर्ज की है, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 72 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि मांग आने वाले समय में बढ़ सकती है। इसकी वजह जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी सीजन के दौरान खर्च में बढ़ोतरी होना है।

इसके अलावा सर्वे में कहा गया कि कंपनियों की हायरिंग और निवेश की योजनाएं सकारात्मक बनी हुई हैं।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि बढ़ते आत्मविश्वास से उद्योग की वैश्विक चुनौतियों से निपटने की क्षमता उजागर होती है, जिसे मजबूत घरेलू मांग और घरेलू सुधारों का समर्थन प्राप्त है।

उन्होंने आगे कहा कि कंपनियां आने वाले महीनों में विकास की गति में और तेजी आने की उम्मीद करती हैं।

आने वाले आम बजट पर सीआईआई ने कहा कि उसे उम्मीद है कि सरकार भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए सुधारों को जारी रखेगी। इंडस्ट्री बॉडी ने दीर्घकालिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीति निमार्ताओं को कई उपाय सुझाए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नई किआ सेल्टोस पहुंची डीलरशिप पर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** हाल ही में भारतीय बाजार में किआ इंडिया की नई किआ सेल्टोस को लॉन्च किया था। यह वैरिएंट बेस एचटीई मॉडल से ऊपर पोजिशन किया गया है और इसमें ऐसे कई प्रीमियम फीचर्स दिए गए हैं, जो आमतौर पर ऊंचे ट्रिम्स में देखने को मिलते हैं। अब इस एसयूवी का नया एचटीई (ओ) वैरिएंट देशभर की डीलरशिप्स पर पहुंचना शुरू हो गया है। डीलरशिप पर पहुंची किआ सेल्टोस एचटीई (ओ) को ग्लेशियर व्हाइट पर्ल कलर में देखा गया है। एक्सटीरियर डिजाइन की बात करें तो लोअर-स्पेक होने के बावजूद इसमें एलईडी हेडलैम्प्स और डीआरएलएस, एलईडी टेललैम्प्स के साथ रियर लाइट बार, 16-इंच स्टाइल्ड स्टील व्हील्स, फ्लश-फिटिंग मैनुअल डोर हैंडल्स और ग्लॉस ब्लैक रूफ रेल्स दिए गए हैं।

### एफपीआई ने जनवरी में शेयर बाजार से निकाले 22,530 करोड़

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी 2026 के पहले 16 दिनों में भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपए से अधिक निकाले। यह बिकवाली 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपए की कुल निकासी के बाद एक और बड़ी प्रवृत्ति है। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी बॉन्ड का बढ़ा हुआ रिटर्न और मजबूत डॉलर निवेशकों को विकसित बाजारों की ओर आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका, मुद्रा की अस्थिरता और भारतीय शेयरों के ऊँचे मूल्यांकन ने बिकवाली को और तेज किया। एफपीआई की लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 में रुपये को डॉलर के मुकाबले लगभग 5 फीसदी कमजोर कर दिया।

# एचडीएफसी बैंक का मुनाफा दिसंबर तिमाही में बढ़कर 18,654 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक एचडीएफसी बैंक ने दिसंबर 2025 तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। नतीजों में बैंक के प्रदर्शन में मजबूती दिखी है। तिमाही के दौरान बैंक का मुनाफा बढ़कर 18,654 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 16,736 करोड़ रुपये था। इस तरह साल-दर-साल आधार पर मुनाफे में करीब 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) भी इस तिमाही में बढ़कर 32,620 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो पिछले साल 30,650 करोड़ रुपये थी। इसमें 6.4 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि, ब्याज मार्जिन पर कुछ दबाव देखने को मिला। कुल एसेट्स पर नेट इंटरेस्ट मार्जिन 3.35 फीसदी और ब्याज कमाने वाली एसेट्स पर 3.51 फीसदी रहा। एचडीएफसी बैंक की लोन क्वालिटी स्थिर बनी रही। ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स घटकर 35,179 करोड़ रुपये रह गईं, जबकि पिछले साल यह 36,019 करोड़ रुपये थीं। जीएनपीए अनुपात भी सुधरकर 1.24 फीसदी हो गया, जो एक साल पहले 1.42 फीसदी था। नेट एनपीए 11,982 करोड़ रुपये रहा और इसका अनुपात 0.42 फीसदी पर आ गया। तिमाही के दौरान प्रोविजन और कंटिंजेंसी पर खर्च घटकर 2,840 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल के मुकाबले 10 फीसदी कम है। इसमें 1,040 करोड़ रुपये के कंटिंजेंट प्रोविजन की वापसी से भी राहत मिली। प्रोविजन को हटाकर देखें तो क्रेडिट कॉस्ट रेशियो 0.55 फीसदी रहा।

# वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में हिस्सा लेने दावोस पहुंचे दिग्गज भारतीय नेता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**



स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए रविवार को दिग्गज भारतीय नेता पहुंच गए हैं। इनमें केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शामिल हैं।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की 56वीं वार्षिक बैठक 19 से 23 जनवरी के बीच होगी। इसमें 130 देशों से करीब 3,000 लीडर्स के शामिल होने की उम्मीद है।

यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है जब अमेरिकी टैरिफ और विभिन्न देश के बीच युद्ध के कारण दुनिया अस्थिरता का सामना कर रही है। इस बैठक की थीम ए स्प्रिट ऑफ डायलॉग रखा गया है, जो कि दिखाता है कि इस बैठक का फोकस बंटे हुए विश्व के बीच दोबारा से कॉरपोरेशन बढ़ाने पर है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष और सीईओ बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि संवाद अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा के गहराने और तकनीकी बदलाव की गति तेज होने के साथ, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहा है, जिससे इस वर्ष के दावोस सम्मेलन का विशेष महत्व बढ़ गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वर्ष की बैठक में रिकॉर्ड स्तर की राजनीतिक भागीदारी देखने को मिलेगी। लगभग 400 शीर्ष राजनीतिक हस्तियां, जिनमें लगभग 65 राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख एवं जी7 के छह नेता शामिल हैं, भाग लेने के लिए तैयार हैं।

इनके अलावा, प्रमुख वैश्विक कंपनियों के लगभग 850 मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। शीर्ष यूनिकॉर्न फर्मों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणी 100 अन्य लीडर्स भी इसमें शामिल होंगे, जो वैश्विक एजेंडा पर राजनीति, व्यापार और नवाचार के बढ़ते संगम को दिखाता है।

डब्ल्यूईएफ के अनुसार, इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन सहित कई बड़े लीडर्स शामिल होंगे।

इस वर्ष कॉरपोरेट जगत की व्यापक भागीदारी की उम्मीद है, जिसमें लगभग 1,700 बिजनेस लीडर्स के शामिल होने की संभावना है। इनमें एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला, एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, पलान्टिर के सीईओ एलेक्स कार्प और ओपनएआई की मुख्य वित्तीय अधिकारी सारा फ्रायर शामिल हैं।

# जोनजुआ ओवरसीज ने किया बोनस शेयर का ऐलान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** पेनी स्टॉक जोनजुआ ओवरसीज लिमिटेड ने अपने निवेशकों को बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी की ओर से योग्य शेयरधारकों को 40 शेयर पर 5 बोनस शेयर दिए जाएंगे। यह बोनस इश्यू उन निवेशकों के लिए होगा, जिनके पास रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के शेयर होंगे। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि इस बोनस इश्यू के लिए 23 जनवरी को रिकॉर्ड डेट तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिन निवेशकों के डीमैट खाते में जोनजुआ ओवरसीज के शेयर मौजूद होंगे, वही बोनस शेयर पाने के हकदार होंगे। रिकॉर्ड डेट में अब बहुत कम समय बचा है। जोनजुआ इससे पहले भी कई बार बोनस शेयर जारी कर चुकी है- 2019 में 25 शेयर पर 1 बोनस शेयर, 2021 में 37 शेयर पर 5 बोनस शेयर, 2022 में 23 शेयर पर 4 बोनस शेयर और 2023 में 50 शेयर पर 9 बोनस शेयर। अब यह कंपनी का लगातार पांचवां बोनस इश्यू है। शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय कंपनी का शेयर 8.08 फीसदी की तेजी के साथ 6.02 रुपए पर बंद हुआ। हालांकि, लंबी अवधि में स्टॉक का प्रदर्शन कमजोर रहा है। कंपनी का 52 सप्ताह हाई 12.38 रुपए और लो 5.51 रुपए रहा है। जोनजुआ ओवरसीज लिमिटेड का मौजूदा मार्केट कैप करीब 14.60 करोड़ रुपए है।

# टेस्ला के फुल सेल्फ-ड्राइविंग सॉफ्टवेयर की बिक्री होगी बंद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** आगामी 14 फरवरी के बाद कंपनी फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर को वन-टाइम खरीद के रूप में बेचना बंद कर देगी। इसके बाद यह फीचर केवल मंथली सब्सक्रिप्शन मॉडल के तहत ही उपलब्ध होगा। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि टेस्ला अब एफएसडी को सब्सक्रिप्शन-बेस्ड सर्विस के तौर पर आगे बढ़ाएगी। फिलहाल अमेरिका में ग्राहक 8,000 डॉलर देकर एफएसडी को एक बार में खरीद सकते हैं या फिर 99 डॉलर प्रति माह का सब्सक्रिप्शन ले सकते हैं।

# चेटजीपीटी में आएंगे पहली बार विज्ञापन, अमेरिका में ट्रायल शुरू

**फ्री और गो प्लान के यूजर्स के लिए शुरू होगा सीमित विज्ञापन परीक्षण**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**




ओपनएआई ने घोषणा की है कि वह चेटजीपीटी में विज्ञापन को ट्रायल आधार पर पेश करने जा रहा है। यह परीक्षण फिलहाल केवल अमेरिका में रहने वाले उपयोगकताओं के लिए होगा। कंपनी के अनुसार विज्ञापन चैट के उत्तरों के ऊपर या नीचे दिखाई देंगे, लेकिन सीधे एआई के उत्तरों के अंदर शामिल नहीं किए जाएंगे। ओपनएआई ने साफ किया है कि विज्ञापन कभी भी चेटजीपीटी के जवाबों को प्रभावित नहीं करेंगे। कंपनी ने बताया कि विज्ञापन केवल वयस्क उपयोगकताओं को ही दिखाए जाएंगे और वह भी तभी, जब चैट के विषय से जुड़ा कोई संबंधित स्पॉन्सर्ड उत्पाद या सेवा उपलब्ध होगी। 18 वर्ष से कम आयु के उपयोगकताओं को किसी भी तरह के विज्ञापन नहीं दिखाए जाएंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और राजनीति जैसे संवेदनशील विषयों से जुड़े उत्तरों के आसपास विज्ञापन नहीं लगाए जाएंगे। ओपनएआई उपयोगकताओं को यह सुविधा भी देगा कि वे जान सकें कि उन्हें कोई विशेष विज्ञापन क्यों दिखाया गया। कंपनी का कहना है कि यूजर्स की निजता पूरी तरह सुरक्षित रहेगी और उनके चैट डेटा को विज्ञापनदाताओं के साथ साझा नहीं किया जाएगा। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एक्स पर जानकारी दी कि यह विज्ञापन परीक्षण चेटजीपीटी के फ्री यूजर्स और हाल ही में लॉन्च किए गए चेटजीपीटी गो प्लान (8 डॉलर प्रति माह) में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई लोग बिना सब्सक्रिप्शन के एआई टूल का इस्तेमाल करना चाहते हैं और विज्ञापन इस सुविधा को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। ओपनएआई आने वाले वर्षों में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक निवेश की योजना बना रहा है। कंपनी की सालाना आय 13 बिलियन डॉलर से अधिक बताई गई है।

# भारतीय बाजार में पहली कार उतारने जा रही जेएसडब्ल्यू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**



जेएसडब्ल्यू कंपनी चीन की चेरी ऑटोमोबाइल के साथ मिलकर अपनी पहली कार भारतीय बाजार में उतारने जा रही है। जेटूर चेरी ऑटोमोबाइल का प्रीमियम ब्रांड है, जिसे 2018 में लॉन्च किया गया था और यह मुख्य रूप से एसयूवी और क्रॉसओवर सेगमेंट पर फोकस करता है। यह कार जेटूर टी2 आई-डीएम प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी होगी, जिसे एक नए जेएसडब्ल्यू ब्रांड नाम के तहत बेचा जाएगा। जेटूर टी2 का डिजाइन काफी हद तक लैंड रोवर डिफेंडर से प्रेरित माना जा रहा है। भारत में जेएसडब्ल्यू पेट्रोल वर्जन के बजाय इसका जेएसडब्ल्यू यानी प्लग-इन हाइब्रिड वर्जन पेश करेगा, जिससे इसे प्रीमियम और टेक्नोलॉजी-फोकस्ड पोजिशनिंग मिलेगी। डाइमेंशन की बात करें तो जेटूर टी2 आई-डीएम की लंबाई 4,785 एमएम, चौड़ाई 2,006 एमएम और ऊंचाई 1,875 एमएम है, जबकि इसका व्हीलबेस 2,800 एमएम है। यह 5-सीटर एसयूवी मोनोकॉक फ्रेम पर आधारित है और बॉक्सी, दमदार रोड प्रेजेंस देती है। सबसे अहम बात यह है कि जेटूर टी2 आई-डीएम की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये हो सकती है, जिससे यह भारत की सबसे अफॉर्डेबल पीएचईवी बन सकती है। फिलहाल भारतीय बाजार में पीएचईवी विकल्प ज्यादातर लग्जरी सेगमेंट तक ही सीमित हैं।

फास्ट चार्जिंग के जरिए 30 मिनट में 30 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। जेटूर टी2 आई-डीएम को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में जेएसडब्ल्यू की नई ग्रीनफील्ड फैसिलिटी में लोकली असेंबल किया जाएगा और इसके 2026 के फेस्टिव सीजन तक लॉन्च होने की उम्मीद है। इस एसयूवी में 1.5-लीटर प्लग-इन हाइब्रिड पावरट्रेन दिया गया है, जो 156 पीएस की पावर और 220 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 26.7 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी गई है, जो 130 किमी (एनईडीसी) की प्योर इलेक्ट्रिक रेंज देती है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### फेसबुक पर दोस्ती कर 3.30 लाख की ठगी में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** फेसबुक पर दोस्ती कर व्यक्ति से 3.30 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 47 साल का हेमंता कुमार ओडिसा पुरी का मूल निवासी है। वो अब हरियाणा भिवानी जिले के विकास नगर में रह रहा था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हेमन्ता कुमार ने अपना बैंक खाता ठगों को उपलब्ध कराया हुआ था। इसके खाते में ठगी के 30 हजार रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी भिवानी स्थित एक प्लास्टिक बैग निर्माण कंपनी में कार्यरत है। आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-10 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि फेसबुक के माध्यम से उनकी दोस्ती एक महिला से हुई। महिला ने खुद को एक गेमिंग एप की मैनेजर बताया। उसने बताया कि उसने ऐप पर गेम खेलकर काफी धनराशि जीती है, लेकिन उस राशि को निकालने के लिए 3.50 लाख रुपये टैक्स भरना पड़ेगा।

### कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने की कार्रवाई

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** सेक्टर-16 की अनाज मंडी में अवैध रूप से चल रहे एक हुक्का बार पर शुक्रवार रात पुलिस ने छापेमारी की। यहां कैफे 52 की आड़ में युवाओं को फ्लेवर्ड हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने मौके से हुक्के और प्रतिबंधित तंबाकू बरामद कर संचालक को काबू किया है, जबकि बार का मालिक भागने में सफल रहा। सेक्टर-17 थाने के एसआई जयपाल ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अनाज मंडी दुकान नंबर 17 में अवैध हुक्का बार संचालित हो रहा है। टीम ने जब मौके पर छापा मारा, तो वहां तीन-चार युवक मेजों पर हुक्का पीते हुए मिले। पूछताछ में मौके पर मिले संचालक रौनक ने बताया कि बार का असली मालिक ओल्ड फरीदाबाद के बाढ़ मोहल्ला निवासी गुरुदत्त है।

# कुत्ते काटने के मामलों में हो रही बढ़ोतरी



» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

जिले में कुत्ते के काटने के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। प्रशासन की ओर से किताबी कार्रवाई के अलावा धरातल पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। यदि बीते वर्ष 2025 की बात की जाए, तो बीके अस्पताल में कुल 28478 मरीजों ने एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगवाए हैं। यह आकड़ा केवल बीके अस्पताल का है, इसके अलावा भी कई लोग जिले में बने स्वास्थ्य केंद्र, निजी अस्पताल व क्लीनिकों पर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाते हैं।

इन मरीजों में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे व युवा शामिल हैं। वर्ष 2024 में रेबीज मरीजों का आकड़ा 23215 था, जबकि 2023 में 21600 था। यानी 2024 से 2025 तक पांच हजार से अधिक मरीजों की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, 2023 से 2025 तक करीब सात हजार मरीजों में इजाफा हुआ है। बीके अस्पताल में पहले केवल सोमवार से शुक्रवार दोपहर दो बजे तक एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए जाते थे, लेकिन बढ़ते मामलों के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से आपातकालीन विभाग में भी एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने की सुविधा शुरू कर दी गई। इसके बाद से सोमवार से शुक्रवार दोपहर दो बजे तक इंजेक्शन रूम में यह सेवा उपलब्ध है।

### प्रतिदिन पहुंच रहे सौ से अधिक मरीज

बीके अस्पताल में प्रतिदिन 100 से अधिक मरीज इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कुत्ता काटने पर घाव को तत्काल साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना जरूरी है और इसके बाद बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर इंजेक्शन लगवाना चाहिए। बीके अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन मात्र 100 रुपये में लगाया जाता है, जबकि निजी अस्पतालों में इस इंजेक्शन की कीमत करीब 400 रुपये है। कुत्ते के काटने के बाद मरीज को उसी दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन और 28वें दिन इंजेक्शन लगवाना आवश्यक है।

### पालतू जानवरों के साथ सावधानी बरतें

चिकित्सकों का कहना है कि लोग पालतू जानवरों के साथ सावधानी बरतें, खासतौर पर छोटे बच्चों को अकेले पालतू कुत्तों के पास न छोड़ें। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कई मामलों में पालतू कुत्ते ही काट रहे हैं, जो यह दशार्ता है कि या तो उनका व्यवहार सही से नियंत्रित नहीं हो रहा या फिर मालिकों की ओर से उनकी देखभाल में लापरवाही बरती जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि पालतू जानवरों को समय पर वैक्सीनेट कराना जरूरी है और किसी भी काटने की घटना के बाद तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। चिकित्सकों का कहना है कि कई बार एक ही इलाके से एक ही दिन में कई मरीज अस्पताल में पहुंचते हैं। इससे हालात की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि लावारिस कुत्तों पर नियंत्रण के लिए जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी में 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में फरीदाबाद के अमर नगर का विशाल कुमार और यूपी सुल्तानपुर का योगेश कुमार शामिल हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विशाल और योगेश दोनों मिलकर कॉलिंग का काम करते थे। आरोपियों ने शिकायतकर्ता के पास कॉल किया और उसे नौकरी देने के बहाने से अपने झांसे में लेकर 43800 रुपये ठग लिए। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को 4 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत पल्ला इलाके की रहने वाली महिला ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि 12 नवंबर को उनके पास एक नंबर से कॉल आई।

## ट्रैफिक चालान की एपीके फाइल भेजकर ठगी में चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** ट्रैफिक चालान की एपीके फाइल भेजकर ठगी मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में कुलदीप सिंह, जग्गू राजा, निलेश व अंकेश शामिल हैं। चारों आरोपी मध्यप्रदेश छतरपुर के कंचनपुर गांव के रहने वाले हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि चारों आरोपी आरोपी कुलदीप सिंह व जग्गू राजा ने ट्रैफिक चालान की एपीके फाइल आरोपी अंकेश को दी थी। इसने उस फाइल को आगे निलेश के पास भेजी। निलेश ने अपने मोबाइल नंबर से यह एपीके फाइल शिकायतकर्ता के मोबाइल पर भेजी और बाद में खाते से रुपये निकले। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों को अदालत में टीम ने पेश किया। आरोपी निलेश व अंकेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## कंपनी मालिक बनकर 99 .80 लाख की ठगी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** कंपनी मालिक बनकर सीए को मैसेज भेज 99.80 लाख रुपये ठगी मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में राजस्थान कोटा के मनमोहन मीणा, बल्लभगढ़ के खेवांश और मच्छगर के विकास शामिल हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मनमोहन मीणा और खेवांश इस मामले में खाताधारक हैं। इनके बैंक खातों में ठगी के 1-1 लाख रुपये आए थे। वहीं आरोपी विकाश ने खेवांश का बैंक खाता लेकर आगे ठगों को उपलब्ध कराया था। खेवांश और विकाश आपस में दोस्त हैं और एक साथ पढ़ाई करते हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है।

ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत फरीदाबाद के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पिता की फोटो व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लगाकर उनकी कंपनी के सीए को मैसेज भेजा। मैसेज में बैंक खातों की जानकारी देकर रुपये ट्रांसफर करने को कहा गया। आरोपी ने सबसे पहले कंपनी के खाते में मौजूद बैलेंस की जानकारी ली थी। कंपनी मालिक समझकर सीए ने बताए गए बैंक खातों में 99.80 लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए।

## होटल में शराब पीते पकड़े गए लोग

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** पुलिस टीम ने एनआईटी-3 स्थित होटल रॉयल्स पैराडाइज में देर रात छापेमारी की। रात करीब 10 बजे हुई इस कार्रवाई के दौरान होटल के अंदर कुछ लोग शराब पीते हुए मिले। इसके बाद आठ लोगों को हिरासत में लेकर चौकी ले जाया गया।



छापेमारी के दौरान होटल में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। इस बीच कुछ युवतियां बैग लेकर तेजी से बाहर निकलीं और टैक्सी में बैठकर रवाना हो गईं जिससे इलाके में रेव पार्टी होने की चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि पुलिस ने रेव पार्टी जैसी किसी भी बात से साफ इनकार किया है। मौके पर मौजूद एक युवती ने खुद को नोएडा निवासी बताया और कहा कि वह केवल एक जन्मदिन पार्टी में शामिल होने आई थी। पुलिस ने होटल से शराब की बोतलें भी बरामद की हैं।

एसजीएम नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि 26 जनवरी के मद्देनजर यह एक रूटीन चेकिंग थी। जांच के दौरान होटल में नियमों का उल्लंघन कर शराब पी रहे लोगों को पकड़ा गया था। पुलिस ने होटल के शटर बंद कर अंदर मौजूद लोगों से गहन पूछताछ की और स्थिति का जायजा लिया। पकड़े गए सभी आरोपियों को रात में ही जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की निगरानी और चेकिंग का अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

## शेयर बाजार में निवेश के बहाने ठगी में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।** शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर ठगी मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अर्जुन कुमार बिहार भोजपुर का मूल निवासी है और अब राजस्थान जयपुर में रह रहा था। इससे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अर्जुन कुमार इस मामले में बैंक खाताधारक है। इसके बैंक खाते में ठगी के 1.25 लाख रुपये आए थे।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम पूछताछ कर रही है।

## चौकीदार पर हमला करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

मुजेसर थाना क्षेत्र के एक गोदाम में चोरी का विरोध करने पर चौकीदार की हत्या के प्रयास के आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अलीगढ़ निवासी रवि वर्मा उर्फ राजा के रूप में हुई है जो फिलहाल फरीदाबाद के राम नगर में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है ताकि मामले की गहनता से पूछताछ की जा सके।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पर्वतीय कॉलोनी निवासी शाहरूख खान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके गोदाम पर सिंध और रवि काम करते हैं। रवि पहले भी कई बार वहां से लोहा चोरी कर चुका था जिसकी सूचना चौकीदार सिंध ने दी थी। बीते 14 जनवरी को जब रवि गोदाम से तांबे की तार चोरी करके ले जा रहा था तो चौकीदार सिंध ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और रोकने का प्रयास किया। इस बात से बौखलाए रवि ने पास पड़ा सरिया उठाकर सिंध के सिर पर दे मारा और उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इस हमले में चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था जिसे पुलिस की अपराध शाखा ने तकनीकी सर्विलांस की मदद से काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह आवेश में आ गया था और पकड़े जाने के डर से उसने चौकीदार पर हमला किया।

# बिना रजिस्ट्रेशन कूड़ा उठाने पर होगी सख्त कार्रवाई, नगर निगम का अल्टीमेटम

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा उठाने का कार्य कर रहे वेंडरों के लिए रजिस्ट्रेशन अब अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के कूड़ा उठाने वाले वेंडरों पर नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। यह चेतावनी नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने स्वच्छता से जुड़े हितधारकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में दी।

नगर निगम मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में एनजीओ, आरडब्ल्यूए, हाउसिंग सोसाइटी, मास्टर ट्रेनर्स और समर्पित स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता से संबंधित मौजूदा गतिविधियों की



समीक्षा करना और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर रणनीति तय करना रहा।

बैठक में कूड़ा उठान व्यवस्था को लेकर आए सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुए निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम क्षेत्र में काम कर रहे सभी वेंडरों को पहले निगम में अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिए जल्द सर्वे कराया जाएगा और बिना रजिस्ट्रेशन पाए गए वेंडरों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कूड़ा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए विशेष रूप से बल्क वेस्ट मैनेजमेंट पर जोर दिया। निगम आयुक्त ने कहा कि गेटेड सोसायटी और आरडब्ल्यूए की इसमें अहम भूमिका है और बल्क वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाना जरूरी है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में स्थित गेटेड सोसाइटियों की संख्या को लेकर भी अलग से सर्वे कराने की बात कही गई।

धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए सहयोगी संस्थाओं के सदस्यों को वालंटियर के रूप में जोड़ा जाएगा, ताकि वे निगम अधिकारियों के साथ मिलकर आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर सकें। बैठक में ह्यूमन... हाजीरो वेस्ट होमइ की अवधारणा अपनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित समाजसेवियों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और हाउसिंग सोसाइटियों के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। निगम आयुक्त ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करने और उन्हें अमल में लाने का आश्वासन दिया।

# गोलू गुप्ता ने मुझे ताकत और नई पहचान दीः श्वेता त्रिपाठी



मिजापुरः द मूवी के मुंबई शेड्यूल की शूटिंग अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने पूरी कर ली है। अभिनेत्री श्वेता के मुताबिक, गोलू गुप्ता का किरदार सिर्फ उनकी पहचान नहीं बना, बल्कि इस किरदार ने उन्हें अंदरूनी ताकत, आत्मविश्वास और साहस भी दिया है यह रोल उनके करियर का एक अहम मोड़ साबित हुआ, जिसने दर्शकों की सोच और उनके लिए आने वाली कहानियों की दिशा बदल दी। श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि फिल्म की शूटिंग पूरी करना उनके लिए बेहद भावुक अनुभव रहा। गोलू गुप्ता का किरदार हमेशा उनके दिल के बेहद करीब रहेगा और इसके लिए वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं। उनके अनुसार, इस किरदार ने न सिर्फ उन्हें एक अभिनेत्री के तौर पर नई चुनौतियां दीं, बल्कि यह भी सिखाया कि किसी महिला किरदार को पूरी गंभीरता, मजबूती और गहराई के साथ पर्दे पर कैसे पेश किया जा सकता है। गोलू के रूप में उन्होंने एक ऐसी महिला को जिया, जो परिस्थितियों से लड़ती है और अपनी शर्तों पर आगे बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि मिजापुर को बड़े पर्दे पर लाना उनके लिए रोमांच से भरा अनुभव रहा। इस कहानी और इसके किरदारों के लिए दर्शकों का प्यार बेहद गहरा और खास है। शूटिंग के दौरान अपनी पुरानी टीम से फिर से मिलना, खासकर अली फजल के साथ काम करना, उनके लिए घर जैसा एहसास लेकर आया। श्वेता के मुताबिक, गोलू गुप्ता के किरदार में दोबारा लौटना ऐसा था, जैसे पुराने घर में नए जोश, नई ऊर्जा और नए नजरिए के साथ वापसी करना। अब वह बेसब्री से इंतजार कर रही हैं कि दर्शक सिनेमाघरों में इस नए अध्याय को किस तरह अपनाते हैं। ह्यमिजापुरह्न की कहानी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के मिजापुर जिले की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां सत्ता, अपराध और बदले की राजनीति दिखाई गई है। कहानी अड़गड़ानंद ह्यकालीनह्नत्रिपाठी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इलाके का प्रभावशाली डॉन और व्यापारी है। वेब सीरीज का पहला सीजन जबरदस्त हिट रहा था और इसने कई कलाकारों को नई पहचान दी। इसमें पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी, श्वेता त्रिपाठी, श्रिया पिलगांवकर, रासिका दुगल और अन्य कलाकार नजर आए थे।



# रश्मि देसाई : अंगूरी भाभी के किरदार के साथ दोनों ने पूरा न्याय किया

छोटे परदे पर अंगूरी भाभी के किरदार को पहली बार पहचान दिलाने वाली शिल्पा शिंदे की करीब दस साल बाद भाभीजी घर पर हैं 2.0 में वापसी होने की चर्चा चल रही है। अभिनेत्री शिल्पा शिंदे के हालिया बयान कि अंगूरी भाभी हमेशा से वही रही हैं और वह अपनी तुलना किसी से नहीं करतीं, को लेकर सोशल मीडिया से लेकर मनोरंजन जगत तक अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी मुद्दे पर अभिनेत्री रश्मि देसाई ने अपनी राय रखते हुए संतुलित और स्पष्ट नजरिया पेश किया है। एक साक्षात्कार के दौरान रश्मि देसाई ने कहा कि शिल्पा शिंदे और शुभांगी अत्रे दोनों ही बेहतरीन कलाकार हैं और दोनों ने अपने-अपने दौर में अंगूरी भाभी के किरदार के साथ पूरा न्याय किया है। उनके मुताबिक, किसी भी किरदार को निभाने का हर कलाकार का अपना अंदाज और मेहनत होती है, ऐसे में तुलना करना सही नहीं है। रश्मि ने कहा कि अभिनय एक व्यक्तिगत कला है और हर कलाकार अपने अनुभव और समझ के साथ किरदार को अलग रंग देता है। रश्मि देसाई ने यह भी कहा कि शिल्पा शिंदे एक वरिष्ठ और अनुभवी अभिनेत्री हैं, इसलिए उनके बयान को गलत संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी कलाकार की पहचान उसके काम और समर्पण से बनती है, न कि तुलना से। शिल्पा का बयान उनके आत्मविश्वास और उनके लंबे करियर का प्रतिबिंब है, जिसे नकारात्मक रूप से लेने की जरूरत नहीं है।

रश्मि ने शिल्पा के व्यक्तित्व पर बात करते हुए कहा कि वह हमेशा से बेबाक रही हैं और जो महसूस करती हैं, उसे खुलकर कहती हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शिल्पा ने कभी भी शो छोड़ने की इच्छा नहीं जताई थी और अब जब वह दोबारा इस किरदार में लौटी हैं, तो यह उनके लिए घर वापसी जैसा है। दर्शकों को इस वापसी को सकारात्मक रूप में लेना चाहिए और इस किरदार की पूरी यात्रा का सम्मान करना चाहिए। इसके साथ ही रश्मि देसाई ने शुभांगी अत्रे की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि शुभांगी ने भी अंगूरी भाभी के किरदार को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाया और अपने समय में दर्शकों को खूब हंसाया। रश्मि के अनुसार, दोनों कलाकारों ने अपने-अपने हिस्से का योगदान दिया है और किसी एक को कम या ज्यादा आंकना ठीक नहीं है।

# टीम इंडिया में मौका मिलने पर आयुष बडोनी ने कहा- ऑलराउंडर बनने का फायदा मिला



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।** दिल्ली के क्रिकेटर आयुष बडोनी का मानना है कि करीब दो साल पहले गेंदबाजी शुरू करने का उनका फैसला उनकी जिंदगी का बड़ा मोड़ साबित हुआ। इसी फैसले ने उन्हें एक बल्लेबाज से हरफनमौला खिलाड़ी बनाया और इसी वजह से उन्हें पहली बार भारत की टीम में जगह मिली। आयुष बडोनी को भारत की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है, जो इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेल रही है। पहले मुकाबले के बाद वॉशिंगटन सुंदर चोटिल हो गए थे, जिसके चलते बडोनी को टीम में मौका मिला। फिलहाल यह सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। अब दोनों टीमों के बीच निर्णायक मैच रविवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे एकदिवसीय मैच में बडोनी को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी, लेकिन हाल के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें उम्मीद है कि अगले मैच में खेलने का मौका मिल सकता है। बीसीसीआई टीवी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में बडोनी ने अपने चयन के बारे में कहा, मैं दिल्ली टीम के साथ था, मैं वहां कप्तान था और अगले दिन हमारा मैच विदर्भ के खिलाफ क्वार्टर फाइनल था। तभी मुझे चयन के बारे में पता चला। प्रियांश मेरा रूममेट था, इसलिए मैंने उसे बताया कि ऐसा हो सकता है और मैं जा रहा हूं, तो शायद तुम कप्तान बनोगे। यह बहुत अच्छा एहसास था और मैं बहुत आभारी और खुश हूं कि मुझे यह मौका मिला।



# फैशन सर्कल्स में हलचल मचा दी संदीपा धर ने

अपने बोल्ड और कॉन्फिडेंट अंदाज के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री संदीपा धर ने कई बार साबित कर दिया कि वह फैशन को सिर्फ पहनती नहीं, बल्कि उसे आत्मविश्वास के साथ जीती हैं। हाल ही में उनकी रेड ड्रेस में सामने आई तस्वीरों ने सोशल मीडिया और फैशन सर्कल्स में हलचल मचा दी है। संदीपा की रेड ड्रेस का सिलुएट बेहद डेरिंग और एलिगेंट है। रणनीतिक कट-आउट्स और फिगर-हगिंग फिट उनकी टोंड फिगर को खूबसूरती से उभारते हैं। ड्रेस की हाल्टर नेकलाइन उनके शोल्डर्स और कॉलरबोन्स को हाइलाइट करती है, जबकि थाई-हाई स्लिट पूरे लुक में ड्रामेटिक टच जोड़ता है। यह आउटफिट एक साथ ग्लैमरस, सेंसुअस और रिफाइंड नजर आता है। हालांकि, इस लुक को खास बनाती है संदीपा का इसे कैरी करने का अंदाज। उनका कॉन्फिडेंट पॉश्चर, सहज मुस्कान और फ्लुइड पोज इस ड्रेस को सिर्फ एक फैशन चॉइस नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टाइल स्टेटमेंट बना देते हैं। उन्होंने अपने मेकअप को मिनिमल रखा है, जिससे ड्रेस का रंग और डिजाइन पूरी तरह उभरकर सामने आता है। सॉफ्ट वेव्स में खुले बाल और नैचुरल ग्लोइंग स्किन उनके लुक को और निखार देती है। लाल रंग को अक्सर पैशन, पावर और आत्मविश्वास का प्रतीक माना जाता है, और संदीपा धर पर यह रंग खास तौर पर जंचता नजर आ रहा है। यह शेड न सिर्फ उनके कॉम्प्लेक्शन को उभारता है।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत रहेगा मजबूत दावेदार : दिनेश कार्तिक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि डिफेंडिंग चैंपियन भारत आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक बार फिर मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगा। टीम की गहराई, आक्रामक खेलने की शैली और घरेलू परिस्थितियों में शानदार रिकॉर्ड को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्तिक ने कहा कि भारत को अपने घर में हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। टूर्नामेंट शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और यह प्रतियोगिता 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेली जाएगी।

एक चैनल से बातचीत में दिनेश कार्तिक ने कहा कि भारतीय क्रिकेट की सबसे बड़ी विशेषता उसकी बेंच स्ट्रेंथ है। उनके मुताबिक भारत ऐसी स्थिति में है कि वह लगभग दो मजबूत टीमें उतार सकता है। कार्तिक ने यह भी कहा कि मौजूदा भारतीय टीम काफी हद तक नई है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल नहीं हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में युवा टीम ने बेहद आक्रामक और प्रभावशाली क्रिकेट खेला है। वहीं पूर्व वेस्टइंडीज क्रिकेटर इयान बिशप ने भी भारत की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि डिफेंडिंग चैंपियन होना अपने आप में दबाव जरूर लाता है, लेकिन अगर तैयारी सही हो तो यह एक बड़ा फायदा बन सकता है। बिशप के अनुसार, इतिहास हमेशा निर्णायक नहीं होता, लेकिन भारत ने पिछले वर्ल्ड कप के बाद जिस तरह की तैयारी की है, उससे उसे बढ़त जरूर मिलेगी। उन्होंने यह भी चेताया कि फरवरी-मार्च के दौरान भारत और श्रीलंका में ओस एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकती है, जो मैच का रुख बदलने में अहम भूमिका निभाती है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता पर बात करते हुए कहा कि यह फॉर्मेट दुनिया भर में तेजी से पसंद किया जा रहा है। उनके अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि एक बड़ा मंच है, जहां दबाव में प्रदर्शन करके खिलाड़ी खुद को वैश्विक स्तर पर साबित करते हैं। ग्रुप ए में भारत को पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है।



## संक्षिप्त खबरें

### मकोर्सुर, यूरोपीय संघ ने किये मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन, यूटर्न/ 18 जनवरी।** दक्षिणी साझा बाजार (मकोर्सुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मकोर्सुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है। अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मकोर्सुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने दोनों गुटों के नेताओं को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हुए इस दिन को वास्तव में ऐतिहासिक बताया। सुश्री वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यह समझौता निष्पक्ष व्यापार और दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग के पक्ष में एक बहुत मजबूत संदेश भेजता है।

### कनाडा में परिवहन विभाग ने फोर्ड की 300,000 गाड़ियों को वापस मंगाया

**ओटावा, यूटर्न/ 18 जनवरी।** कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300,000 से ज्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। सीटीवी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोर्ड मालिकों को मेल से सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

# अमेरिका ने सीरिया में की हॉकआई स्ट्राइक, अल-कायदा के एक लीडर को मार गिराया

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

अमेरिका ने सीरिया में हवाई हमला कर अल-कायदा से जुड़े नेता को मार गिराया है। पिछले महीने सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें तीन अमेरिकी नागरिक मारे गए थे। वहीं जवाबी कार्रवाई में सेना ने सीरिया पर हवाई हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने हमले से जुड़े अल-कायदा के एक लीडर की मौत की पुष्टि की है।



यूएस सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) ने कहा कि यह स्ट्राइक 16 जनवरी को नॉर्थ-वेस्ट सीरिया में की गई थी और इसमें बिलाल हसन अल-जसीम की मौत हो गई। अमेरिकी अधिकारियों ने बिलाल को एक सीनियर आतंकी बताया। इसका आईएसआईएस के साथ सीधा कनेक्शन था। बिलाल का उस गनमैन से संबंध था, जो 13 दिसंबर को सीरिया के पल्मायरा में हुए हमले के लिए जिम्मेदार था। इस हमले में दो अमेरिकी सेवा सदस्य और एक अमेरिकी सिविलियन इंटरप्रेटर मारे गए थे। अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कहा, हम कभी नहीं भूलेंगे, और कभी हार नहीं मानेंगे।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, तीन अमेरिकियों की मौत से जुड़े एक आतंकी ऑपरेटिव की मौत हमारी सेना पर हमला करने वाले आतंकवादियों का पीछा करने के हमारे पक्के इरादे को दिखाती है।

# चीन 2025 में पहली बार मध्य एशिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना : चीनी वाणिज्य मंत्रालय

» **बीजिंग, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

चीनी वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, 2025 में राष्ट्राध्यक्ष की कूटनीतिक रणनीति के मार्गदर्शन में चीन और मध्य एशियाई देशों के बीच आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई।

चीनी सीमा शुल्क के आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि दोनों क्षेत्रों के बीच वस्तुओं का कुल आयात-निर्यात 106.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2024 की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसके साथ ही, विकास दर में 6 प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है। व्यापारिक मात्रा ने नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। चीन व मध्य एशिया के बीच आयात-निर्यात का कुल मूल्य पहली बार 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। लगातार पांच वर्षों से यह सकारात्मक वृद्धि बनाए हुए है। चीन अब पहली बार मध्य एशियाई देशों का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है, जिससे चीन के विदेशी व्यापार में मध्य एशिया की हिस्सेदारी और भी सुदृढ़ हुई है। वस्तु संरचना में नवाचार और अनुकूलन भी देखने को मिला है। 2025 में मध्य एशिया को चीन का निर्यात 71.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। विशेष रूप से मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और उच्च-प्रौद्योगिकी उत्पादों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं, मध्य एशिया से चीन का आयात 35.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा, जो 14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। इसमें रसायन, इस्पात और कृषि उत्पादों जैसे गैर-संसाधन क्षेत्रों की विविधता ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया है।



**वस्तु संरचना में नवाचार और अनुकूलन भी देखने को मिला है। 2025 में मध्य एशिया को चीन का निर्यात 71.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। विशेष रूप से मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और उच्च-प्रौद्योगिकी उत्पादों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।**

नए व्यावसायिक मॉडल दोनों पक्षों की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान कर रहे हैं। चीन और मध्य एशिया के बीच सीमा पार ई-कॉमर्स में तीव्र वृद्धि जारी रही है। साथ ही भंडारण और लॉजिस्टिक्स संरचना में निरंतर सुधार हुआ है, जबकि सीमा पार भुगतान सहयोग पूरी तरह से लागू हो चुका है।

इसी क्रम में चीन के ज्यांग्सू प्रांत के नानचिंग में चीनझमध्य एशिया व्यापार सुविधा सहयोग मंच का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सिल्क रोड ई-कॉमर्स व्यापार को सुगम बनाने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। निवेश और व्यापार का एकीकृत विकास नए अवसर प्रस्तुत कर रहा है। बेल्ट एंड रोड पहल के तहत उच्च गुणवत्ता वाले सहयोग को और गहराई मिली है। उपकरण निर्माण, हरित खनन और आधुनिक कृषि जैसे क्षेत्रों में कई बड़े पैमाने की परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।



### खामेनेई का दावा, ईरान ने एक बार फिर अमेरिका समर्थित साजिश को पूरी तरह समाप्त किया

**तेहरान, यूटर्न/ 18 जनवरी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा है कि ईरान ने एक बार फिर संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल को मात दी है। उनका कहना था कि वॉशिंगटन और तेल अवीव की ओर से भड़काई गई साजिश को ईरान ने पूरी तरह समाप्त कर दिया है। एक धार्मिक अवसर पर दिए गए भाषण में खामेनेई ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने ईरान में अशांति फैलाने की योजना बनाई थी, ताकि वह ईरान को अपने नियंत्रण में ले सके। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान में हाल के दंगों में हुई हत्याओं और तबाही के लिए जिम्मेदार ह्वअपराधीह्व बताया। खामेनेई के अनुसार ट्रम्प ने खुले तौर पर बयान दिए, दंगाइयों का समर्थन किया और यहां तक कि सैन्य मदद देने की बात भी कही। खामेनेई ने स्पष्ट किया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन देश के भीतर और बाहर अशांति फैलाने वालों को सजा देने से पीछे भी नहीं हटेगा।

### उत्तरी सीरिया में अंतरिम सरकार, एसडीएफ के बीच फिर शुरू हुई झड़पें

**दमिश्क, यूटर्न/ 18 जनवरी।** सीरिया के उत्तर-पश्चिम में मौजूद अलेप्पो और रक्का में सीरिया के अंतरिम प्रशासन और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) के बीच सैन्य तनाव अचानक बढ़ गया है। एक दिन पहले घोषित वापसी समझौते के बावजूद दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें शुरू हो गयी हैं। दिन की शुरुआत पूर्वी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में फिर से शुरू हुई लड़ाई के साथ हुई। एसडीएफ ने सीरियाई सेना पर आरोप लगाया कि वह 48 घंटे की वापसी अवधि समाप्त होने से पहले ही देर हाफर और मस्कानह शहरों में दाखिल हो गयी। दूसरी ओर, सीरियाई सेना ने कहा कि उसने समझौते के उल्लंघन और अपने दो सैनिकों की हत्या के बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिये तैनाती की है। जैसे-जैसे टकराव बढ़ा, सीरियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी अलेप्पो से आगे रक्का प्रांत की ओर बढ़ने की घोषणा की और फुरात नदी के पश्चिम के सभी क्षेत्रों को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित कर दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना ने तबका के पास सफयान और अल-सौरा तेल क्षेत्रों सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और सैन्य हवाई अड्डे की घेराबंदी शुरू कर दी है। एसडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया कि रक्का प्रांत वापसी समझौते के दायरे में था।

# ट्रंप के ग्रीनलैंड अधिग्रहण दावों के खिलाफ नूक की सड़कों पर उतरे हजारों लोग, पीएम ने किया नेतृत्व

» **नूक, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के बयानों ने एक अंतरराष्ट्रीय विवाद को जन्म दे दिया है। शनिवार को ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में इन दावों के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे किसी भी देश के अधीन होने के बजाय अपनी स्वायत्तता और भविष्य का फैसला स्वयं करने के पक्षधर हैं। इस विरोध मार्च की सबसे खास बात यह रही कि इसका नेतृत्व खुद ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने किया, जो ट्रंप के संभावित कब्जे के दावों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे।

हाथों में झंडे और विरोध की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने उस नए निमार्णाधीन ब्लॉक के पास से मार्च किया, जहां अमेरिका अपने कॉन्सुलेट (वाणिज्य दूतावास) को स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है। वर्तमान में अमेरिकी कॉन्सुलेट एक छोटी लकड़ी की इमारत में संचालित होता है, जिसमें कर्मचारियों की संख्या भी बेहद कम है। हालांकि, अमेरिका द्वारा वहां अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिशों को स्थानीय लोग संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं।




राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने बयानों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि ग्रीनलैंड की भौगोलिक स्थिति और वहां मौजूद खनिज संपदा अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपरिहार्य है। उन्होंने यहां तक संकेत दिए हैं कि यदि आवश्यक हुआ, तो ग्रीनलैंड पर नियंत्रण के लिए बल प्रयोग भी किया जा सकता है। इन बयानों के बाद डेनमार्क की अपील पर यूरोपीय देशों ने ग्रीनलैंड में अपने सैन्य कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति और गहरी हो गई है। यह विवाद अब नाटो के भीतर एक बड़े राजनयिक संकट में बदल गया है।

# खुला समंदर, गोलीबारी और गिरफ्तारी तेहरान में फंसे 16 भारतीय नाविकों की दर्दभरी दास्तां

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 जनवरी।**

इंटरनेशनल वाटर में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स हमारे जहाज का पीछा कर रहे हैं...यह आखिरी शब्द थे, जो 8 दिसंबर 2025 को वैलेंट रोर टैंकर के कमांडर ने अपने भाई कैप्टन विनोद परमार से फोन पर कहे। इस दौरान उनकी आवाज कांप रही थी फिर बातचीत अधूरी रह गई और अचानक कॉल कट गया। इसके बाद जो हुआ, वह 16 भारतीय नाविकों और उनके परिवारों के लिए एक भयावह सपने में बदल गया।

परिजनों का आरोप है कि इंटरनेशनल वाटर में मौजूद टैंकर पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की, जहाज को जब्त कर क्रू को बंधक बना लिया। जहाज पर कुल 18 क्रू मेंबर थे, जिसमें 16 भारतीय, एक श्रीलंकाई और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल थे। डेढ़ महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद कई भारतीय नाविक आज भी ईरान में हिरासत में हैं, बाहरी दुनिया से पूरी तरह कटे हुए। यह घटना 8 दिसंबर की दोपहर यूएई के डिब्बा पोर्ट के पास हुई। दुबई की कंपनी ग्लोरी इंटरनेशनल द्वारा संचालित वैलेंट रोर टैंकर तकनीकी खराबी के बाद अपनी पहली यात्रा पर था और खोर फक्कन की ओर बढ़ रहा था। तभी आईआरजीसी ने उसका पीछा शुरू किया। जहाज के चीफ ऑफिसर अनिल कुमार सिंह की पत्नी गायत्री ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे उनके पति का घबराया हुआ फोन आया, जिसमें गोलियों की आवाजें साफ सुनाई दे रही थीं। इसके बाद संपर्क पूरी तरह टूट गया।



कैप्टन परमार के अनुसार, गोलीबारी से जहाज को नुकसान पहुंचा और कुछ क्रू मेंबर घायल भी हुए। इसके बाद ईरानी सैनिक जहाज पर चढ़े, क्रू से मारपीट की और सभी को हिरासत में ले लिया। ईरान ने आरोप लगाया कि जहाज छह मिलियन लीटर डीजल की तस्करी कर रहा था, जबकि क्रू का कहना है कि जहाज में केवल बहुत कम सल्फर वाला फ्यूल ऑयल मौजूद था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *